अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,15 दिसंबर 2025

PAGE NO III : TOP

# कूच बिहार ट्रॉफीः यूपी और बंगाल की टीमों ने किया अभ्यास

- कल दोनों टीमों के बीच एसआरएमएस ग्राउंड में होगा मैच

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी के तहत 16 से 19 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच मैच होगा। यूपी की टीम शुक्रवार और बंगाल की टीम शनिवार की देर रात शहर पहुंची। दोनों टीमों ने रविवार को मैदान में अभ्यास किया। टीमों के साथ कोच और सपोर्ट स्टॉफ ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए पिच और ग्राउंड पर उनके खेल पर काम किया ।

स्टेडियम में मैच के लिए तैयारियां भी अंतिम चरण पर पहुंच गई हैं। रविवार को यूपी की टीम ने हेड कोच ध्रुव सिंह की निगरानी में अभ्यास किया। बंगाल की टीम ने कोच स्वरासिहिष लेहरी के साथ बारीकियों पर काम किया। दोनों टीमों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सभी क्षेत्रों में अभ्यास किया। यूपी की टीम सोमवार को सुबह साढ़े 9 बजे से और बंगाल की टीम सुबह साढ़े 11 बजे से अभ्यास करेगी।